न्यायालय सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई , आर.ए.एस.

राजस्व वाद प्रकरण GCMS संख्या : 2025/
दायरा तिथि : 23.06.2025
निर्णय तिथिः 26-11-2025

प्रार्थी :–
राजस्थान सरकार जरिये(भूमिधारी) तहसीलदार बाली बनाम

बनाम

अप्रार्थीगण :–
1. वरजूदेवी पत्नि रूपाराम, जाति जणवा चौ. गांव फालना गांव
2. गुलाबचंद पुत्र भलाराम जाति जणवा चौ. सा. फालना गांव
3. छोगाराम पुत्र भलाराम जाति जणवा चौ. सा. फालना गांव
4. दुर्गा पुत्री भलाराम जाति जाति जणवा चौ. सा. फालना गांव
5. भलाराम पुत्र चेनाराम जाति जणवा चौ. सा. फालना गांव
6. वरजू देवी पत्नि नेमाराम जाति जणवा चौ. सा. फालना गांव
7. टीपुदेवी पत्नि भूराराम जाति जणवा चौ. सा. फालना गांव
8. मगाराम पुत्र जेठाराम जाति सीरवी सा. फालना गांव

उपस्थिति :–
1. नायब तहसीलदार ....पेरोकार सरकार
2. अप्रार्थीगण अनुपस्थित.........................

–:: निर्णय ::– दिनांक : 26/11/025

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है। मौके पर चल रहे कदीमी रास्तों की नक्शे में तरमीम किये जाने के सबंध में राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत तहसीलदार बाली ने मौके व रिकॉर्ड के जांच के पश्चात अप्रार्थीगण की ग्राम फालनागांव की निम्न वर्णित खातेदारी भूमियों में मौके पर चल रहे रास्तो को रेकर्ड में गै.मु. रास्ता दर्ज किये जाने का निवेदन किया।

क्र स.	खसरा न.	रकबा (हैक्टर)	किस्म	खातेदार का नाम	रास्ते के उपयोग में आ रहा रकबा (वर्गमीटर)
1	580/2	4.80	बा.अ.	वरजुदेवी पत्नि रूपाराम जाति जणवा चौधरी, सा. देह खातेदार	155*6=930
2	580/1	5.45	बा.अ.	गुलाबचंद पुत्र भलाराम हिस्सा 1/4 वगैराह सा. देह खातेदार	98*6=588
3	580	1.66	बा.अ.	वरजुदेवी पत्नि रूपाराम जाति जणवा चौधरी सा. देह खातेदार	70*6=420
4	1290/580	1.73	बा.अ.	टीपु देवी पत्नि भुराराम जाति जणवा चौधरी सा. देह खातेदार	64*6=384
5	1291/580	1.73	बा.अ.	मगाराम पुत्र जेठाराम जाति सिरवी सा. देह खातेदार	72*6=432

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। समस्त अप्रार्थीगण को जारी नोटिस तामील के बावजुद अप्रार्थी भलाराम के अलावा शेष सभी अप्रार्थीगण वकालतन।/असालतन अनुपस्थित। अप्रार्थी भलाराम द्वारा भी कोई आपत्ति जवाब पेश नहीं किया एवं शेष अप्रार्थीगण भी अनुपस्थित रहे, जिससे समस्त अप्रार्थीगण के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाती है तथा भलाराम का जवाब अवसर बंद किया जाता है। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन व सलंग्न राजस्व रेकर्ड व पत्रादि का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत रेकर्ड व रिपोर्ट के अनुसार ग्राम फालना गांव के खसरा नंबर 580/2, 580/1, 580, 1290/580 व 1291/580 की भूमियां अप्रार्थीगण की निजी खातेदारी भूमियां है। प्रस्तुत रिपोर्ट में वर्णित अनुसार इन खसरो मे से बारहमासी रास्ता चल रहा है। इस मार्ग से सबंधित किसी प्रकार का विवाद/स्थगन किसी न्यायालय में विचाराधीन नही हैं।

पेज लगातार...........02

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी,बाली

Scanned with OKEN Scanner

राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2025/
अनवान तहसीलदार बाली बनाम वरजुदेवी वगैरा
अंतर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया। इस सबंध में राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग के परिपत्र दिनांक 10.08.2016 तथा राजस्व(ग्रुप बी) के परिपत्र दिनांक 30.09.2021 एवं राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र कमांक प.4(10)राज–6/2024/8 दिनांक 04.04.2025 में वर्णित निर्देशो का भी अध्ययन किया।

उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 में वर्णित प्रावधानों पर मनन के पश्चात् तहसीलदार, बाली की जांच रिपोर्ट अनुसार राज्य सरकार के परिपत्र अनुसार ग्राम फालना गांव की निम्न भूमियों को नक्शे में व रेकर्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है:–

क्र स.	खसरा न.	रकबा (हैक्टर)	किस्म	खातेदार का नाम	रास्ते के उपयोग में आ रहा रकबा (वर्गमीटर)
1	580/2	4.80	बा.अ.	वरजुदेवी पत्नि रूपाराम जाति जणवा चौधरी, सा. देह खातेदार	155*6=930
2	580/1	5.45	बा.अ.	गुलाबचंद पुत्र भलाराम हिस्सा 1/4 वगैराह सा. दहे खातेदार	98*6=588
3	580	1.66	बा.अ.	वरजुदेवी पत्नि रूपाराम जाति जणवा चौधरी सा. देह खातेदार	70*6=420
4	1290/580	1.73	बा.अ.	टीपु देवी पत्नि भुराराम जाति जणवा चौधरी सा. देह खातेदार	64*6=384
5	1291/580	1.73	बा.अ.	मगाराम पुत्र जेठाराम जाति सिरवी सा. देह खातेदार	72*6=432

तहसीलदार बाली के जांच प्रतिवेदन व सलंग्न नक्शे में लाल रंग से दर्शित ट्रेक के अनुसार सार्वजनिक आम रास्ता जो कदीम से मौके पर चालू है, को रेकर्ड में बतौर गैर मुमकिन रास्ते दर्ज कर अमल दरामद के साथ नक्शे में तरमीम के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट मय नक्शा को आदेश का भाग माना जावे। तहसीलदार बाली आदेशानुसार उपरोक्त खसरा नंबर संबंधित खातेदार की खातेदारी में गैर मुमकिन रास्ता दर्ज कर नये बट्टा नंबर जारी कर नक्शे में तरमीम करेंगे। आदेश प्रति तहसीलदार बाली व सभी सबंधित को पालनार्थ भिजवाई जाये। पत्रावली फैसल शुमार होकर रिकॉर्ड से कम हो।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

(दिनेश बिश्नोई)
आर.ए.एस.
सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बाली

सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी बाली

निर्णय आज दिनांक 26/11/025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बाली

सहायक कलेक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली

Scanned with OKEN Scanner

Online Users: 45

Online Visitors: 739

तहसीलदार, बाली



न्यायालय उप-खण्ड अधिकारी बाली, जिला-पाली (राज.)

पटवारी (भू.अ.) पटवार मण्डल फालनागांव तहसील-बाली, जिला-पाली (राज.)

जिला : 16 पाली, तहसील : 190 बाली, RI : 1129 खुडाला, Halkas : 01488 फालनागांव, गाँव : 16987 फालनागांव, Sheet No : 001

Scanned with OKEN Scanner